## एक नजर में



### फिल्म अभिनेता रणदीप हूडा मेरा बैहर मेरी लाइब्रेरी में पहुचे

**नवभारत बैहर।** उल्लेखनीय है कि बैहर में एस डी एम ,नगर परिषद बैहर एवं आमजन के सहयोग से एक जनभागीदारी लाइब्रेरी का निर्माण किया गया है द्य इस लाइब्रेरी का उद्देश्य वनांचल क्षेत्र में संसाधनों के अभाव से जुझ रहे मेधावी छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सुविधा प्रदान करना है द्य नगर के बहुत सारे लोगों ने इस लाइब्रेरी के निर्माण के लिए अर्थिक सहयोग किया है नगर में इस लाइब्रेरी के लिए एक किताब भेट करने हेतु अपील करके अभियान भी चलाया गया था द्य इसी अभियान के चलते फिल्म अभिनेता रणदीप हूडा ने लाइब्रेरी में समस्त विद्यार्थियों के लिए आरामदायक कुर्सियां भेंट की थी आज भ्रमण के दौरान उन्होंने बच्चों की पढ़ाई के विषय में चर्चा की रणदीपट्ठहूडा जी इस लाइब्रेरी में संस्थापक सदस्य है।

### उत्कृष्ट विद्यालय में उमंग दिवस पर आयोजित हुई प्रतियोगिता

**मंडला नभाप्र.** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिछिया में उमंग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तात्कालिक भाषण, चित्र प्रतियोगिता, कला प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। चित्रकला में अंकिता यादव प्रथम, कन्हैया उइके ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भाषण में लवलीन कौर प्रथम रही। 12 वीं के विद्यार्थी मनीजर मरावी के द्वारा कहानी वाचन किया गया। कार्यक्रम के दौरान रोचक खेलों का भी आयोजन कराया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य अरुणा दीक्षित द्वारा जीवन कौशल की उपयोगिता एवं उमंग की सार्थकता पर जानकारी दी गई।

### द वाटर बेल को उत्कृष्ट विद्यालय बिछिया ने अपनाया

**मंडला।** नभाप्र. मंडला जिले में जिला प्रशासन द्वारा शुरू किया गया द वाटर बेल नवाचार अब सफल होता दिख रहा है। जिले में विगत 8 अगस्त को पीएचई मंत्री संपतिया उइके द्वारा शुरू की गई इस पहल को बिछिया के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने पूरी तरह से अपनाया है। विद्यालय की प्राचार्य अरुणा दीक्षित ने छात्रों के स्वास्थ्य और एकाग्रता के लिए इस पहल के महत्व को समझा और इसे लागू किया। इसके तहत, हर पीरियड के खत्म होने पर घंटी बजने के साथ ही शिक्षक छात्रों को पानी पीने के लिए प्रोत्साहित करते हैं और खुद भी उनके साथ पानी पीते हैं। शिक्षकों की इस लगन और प्रेरणा का असर यह हुआ है कि अब यह वॉटर बेल छात्रों की दिनचर्या का एक अनिवार्य हिस्सा बन गई है। छात्र अब नियमित रूप से पानी की बोतल लाते हैं और तय समय पर पानी पीने की आदत भी डाल चुके हैं।

---

**सौगात** | 244 करोड़ रुपये की लागत के 75 निर्माण कार्यों का होगा लोकार्पण एवं भूमिपूजन

# धान बोनस वितरण का राज्य स्तरीय कार्यक्रम 24 को



**नवभारत, कटंगी।** आगामी 24 सितम्बर को बालाघाट जिले के तहसील मुख्यालय कटंगी में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने वाले किसानों को बोनस वितरण के लिए राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कृषि उपज मंडी प्रांगण कटंगी में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव प्रदेश के समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने वाले किसानों को बोनस के रूप में 337 करोड़ 12 लाख रुपये की राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से किसानों के खाते में हस्तांतरण करेंगें। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ यादव बालाघाट जिले के 244 करोड़ रुपये की लागत के 75 निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगें। धान बोनस वितरण के इस कार्यक्रम में बालाघाट सहित जबलपुर संभाग के जिलों से 25 हजार किसानों के शामिल होने का अनुमान है। मुख्यमंत्री डॉ यादव द्वारा समर्थन मूल्य पर धान का विक्रय करने वाले किसानों को 04 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से बोनस देने की घोषणा की गई थी। बोनस राशि से बालाघाट जिले के एक लाख से अधिक किसान लाभांवित होंगें।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 20 सितम्बर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सभी अधिकारियों की बैठक लेकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के 24 सितम्बर के कटंगी कार्यक्रम के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री डी पी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, एसडीएम श्री गोपाल सोनी, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव, श्री श्रीश प्यासी, उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सभी एसडीएम एवं कटंगी के खंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री मीना ने बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे उन्हें सौंपे गये कार्यों एवं दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होना चाहिए। बैठक में बताया गया कि कृषि उपज मंडी प्रांगण में 24 सितम्बर को उन्नत कृषि यंत्रों, कृषि उत्पाद एवं कृषि से संबंधित सामग्री पर विशाल प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी।

प्रदर्शनी के लिए 50 स्टाल बनाये जा रहे हैं। कलेक्टर श्री मीना ने उप संचालक कृषि को निर्देशित किया कि प्रदर्शनी के लिए स्टालों का निर्धारण कर उन्हें संबंधित विभाग एवं फर्म को आबंटित कर दें। बैठक में बताया गया कि कटंगी के इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बालाघाट जिले के किसानों के साथ ही जबलपुर, सिवनी, मंडला एवं छिंदवाड़ा जिले के किसान भी आयेंगें। इस कार्यक्रम में 25 हजार किसानों के शामिल होने का अनुमान है।

# ब्रॉडगेज रेल संघर्ष समिति ने सौंपा ज्ञापन



**नवभारत, बालाघाट।** लंबे समय से चली आ रही मांगो को लेकर तथा पेंचवेली एक्सप्रेस को बालाघाट गोंदिया से चलाए जाने एवं नैनपुर से प्रात: 7-00 बजे मेमू लोकल ट्रेन को प्रारंभ किए जाने की मांग तथा जबलपुर गोंदिया बालाघाट कटंगी तिरोड़ी डबल रेल लाइन की मांग को लेकर एक बार फिर ब्रॉडगेज रेल संघर्ष समिति ने सैकड़ो सदस्यों के साथ रेलवे स्टेशन परिसर में प्रदर्शन किया, जिसमें भारी संख्या में प्रतिदिन चलने वाले यात्रियों ने गगन भेदी नारों के साथ अपनी मांगे रखी ब्रॉडगेज रेल संघर्ष समिति राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप सिंह बेस के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया।

इस प्रदर्शन के दौरान अनूप बैस ने कहा कि यह दुर्भाग्य का विषय है कि विगत दिनों बालाघाट प्रवास पर आए रेल महाप्रबंधक महोदय ने इस बात को सीरे से इनकार कर दिया है कि बालाघाट रेलवे स्टेशन से पेंचवली एक्सप्रेस को प्रारंभ किए जाने का कोई प्रस्ताव नहीं है जबकि बालाघाट रेलवे स्टेशन में हरी झंडी दिखाने आई बालाघाट सिवनी की सांसद ने घोषणा की थी की हम पेचवली एक्सप्रेस को जल्द से जल्द बालाघाट से प्रारंभ करेंगे, इस तरह से महाप्रबंधक ने उनकी घोषणा की पोल खोल कर रख दिए। इसके अलावा नैनपुर से बालाघाट गोंदिया की ओर प्रतिदिन छात्र-छात्राएं मजदूर बालाघाट गोंदिया पहुंचते हैं जिनके लिए प्रात: के समय कोई ट्रेन ना होने के कारण असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है अत: एक लोकल मेमू ट्रेन नैनपुर रेलवे स्टेशन से प्रात: 7-00 बजे जल्द से जल्द प्रारंभ की जाए।

यात्रियों ने ब्रॉडगेज रेल संघर्ष समिति अध्यक्ष अनुप सिंह बैस को जानकारी देते हुए बताया कि रेलवे स्टेशन परिसर में अमृत भारत योजना ठेकेदार ने किस तरह सार्वजनिक शौचालय को स्टोर रूम बनाकर रखा है जिस पर उन्होंने 24 घंटे के अंदर सार्वजनिक शौचालय स्टोर रूम के रूप से दुरुपयोग हो रहे ठेकेदार से मुक्त कराने आर पी एफ अधिकारियों से कहा जिस पर तत्काल ठेकेदार द्वारा सार्वजनिक शौचालय को खाली करने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई।

## कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में रासेयो ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन



**नवभारत, बालाघाट।** शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्रभारी प्राचार्य डॉ सुनील मासुलकर की अध्यक्षता में कार्यक्रम अधिकारी डॉ तनुश्री आगासे द्वारा ह्स्स् ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें ह्स्स् स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना, इसका उद्देश्य, राष्ट्रीय सेवा योजना का लोगो एवं मोटो आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही ह्स्स् से संबंधित सभी प्रकार के शिविरों ,एनएसएस अवॉर्ड्स एवं सर्टिफिकेट्स के बारे में भी बताया गया। इसके पश्चात पूर्व में महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा प्राप्त किए गए अचीवमेंट एवं उनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों का भी वीडियो के माध्यम से प्रदर्शन किया गया । एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में संपूर्ण महाविद्यालय परिवार का सहयोग रहा।

# अवैध रेत उत्खनन पर खैरलांजी पुलिस की कार्यवाही





**नवभारत, खैरलाँजी।** पुलिस अधीक्षक बालाघाट, आदित्य मिश्रा (भा.पु.से.) व्दारा थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार की जुआ, सट्टा, अवैध शराब, उत्खनन एवं अन्य अवैध गतिविधियों पर शख्त कार्यवाही हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है। निर्देशों के पालन में दिनांक 18 सितम्बर 2025 को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालाघाट श्री निहित उपाध्याय एवं एसडीओपी वारासिवनी श्री अभिषेक चौधरी के मार्गदर्शन में थाना खैरलांजी पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से रेत उत्खनन कर परिवहन कर रहे ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त कर कार्रवाई की है। दिनांक 18 सितम्बर 2025 को थाना खैरलांजी पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि चंदन नदी चुटिया गुनई घाट से अवैध रूप से रेत का उत्खनन कर ट्रैक्टर के माध्यम से परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना खैरलांजी की पुलिस टीम द्वारा ग्राम घुबड़गोदी रोड से स्वराज कंपनी के नीले रंग के ट्रैक्टर को जब्त कर आरोपी (चालक) के विरूद्ध थाना खैरलांजी में अपराध क्रमांक 281/25, घारा 303(2), 317(5) भारतीय न्याय संहिता, धारा 4/21 खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, तथा धारा 53(1) मध्य प्रदेश गौण खनिज नियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम/पता- कृष्ण पिता कारूलाल माहुले उम्र 46 वर्ष निवासी वार्ड-18, खैरलांजी रेत का परिवहन करते ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त, कुल कीमती लगभग ?5 लाख 06 हजार ।सराहनीय भूमिका: थाना खैरलांजी से उप निरीक्षक महेंद्र बघेल, प्रआर. रमेश ठाकरे, आर. विष्णु जाट की उल्लेखनीय भूमिका रही।

## बालाघाट, मलाजखंड, बैहर एवं कटंगी में आयुष विभाग द्वारा सफाई मित्रों की स्वास्थ्य जांच की गई

**बालाघाट।** 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 20 सितंबर को आयुष विभाग के चिकित्सकों ने नगरीय क्षेत्र के सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जिला आयुष अधिकारी डा मिलिंद चौधरी ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 20 सितंबर को नगर पालिका बालाघाट, मलाजखंड, नगर परिषद बैहर एवं कटंगी में सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और दवाएं और स्वस्थ रहने के लिए मार्गदर्शन दिया गया।

## मझगांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मंडल में सेवा पखवाड़ा के तहत शिविर लगा



**नवभारत, परसवाड़ा।** केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के संयुक्त तत्वाधान मे स्वच्छता ही सेवा अभियान जिसमे 100, 150 मरीजों का इलाज कराया गया। जनपद पंचायत परसवाड़ा के अंतर्गत मझगांव मंडल में हुऐ विभिन्न आयोजन जिसके अन्तर्गत स्वच्छता से संबंधित विभिन्न गतिविधिया/कार्यक्रम/शपथ/संगोष्ठी/रैली/सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कराये गये है जनपद पंचायत परसवाड़ा के विभिन्न ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित कराया जाकर गतिविधियां की गई स्वच्छता ही स्वस्थ जीवन का आधार है इसमे किसी व्यक्ति विशेष की जिम्मेदारी न होकर यह प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने स्वंय के आवास परिसर/मोहल्ला/ग्राम आदि को स्वच्छ रखने मे सहयोग प्रदान करे अगर ग्राम स्वच्छ होगा निश्चित ही पंचायत एवं विकासखण्ड/जिला स्वच्छ होगा स्वच्छता की थीम स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता पर आधारित है इसी के अनुरूप प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्वभाव मे स्वच्छता को लाना होगा जिससे व्यवहार परिवर्तन होगा जिससे धीरे-धीरे स्वच्छता के प्रति लोगो मे जागरूकता आयेगी हम सब को अभियान मे बडचड कर सहभागी होने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में सर्वप्रथम महात्मा गांधी जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रजलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जागरूकता रैली स्कूली बच्चों तथा विभागीय अधिकारी कर्मचारी के साथ निकाली गई तथा ग्राम पंचायत खुरमुंडी के हाट बाजार की सफाई श्रमदानके तहत की गई तथा पौधारोपण भी किया गया जनप्रतिनिधियों के उद्बोधन के पश्चात सभी को माननीय अध्यक्ष महोदय जी के दौरा स्वच्छता शपथ दिलाई गई तथा कार्यक्रम का समापन किया

कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष समलसिंह धुर्वे, समाजसेवी राजा(तंपन)चौधरी, मंडल अध्यक्ष संतोष साहू , सहित ग्रामीणों एवं स्वास्थ अधिकारी कर्मचारी स्कूली बच्चों की उपस्थिति रही।

## स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**किरनापुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरनापुर मे स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। लांजी किरनापुर क्षेत्र के विधायक राजकुमार कर्राहे की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर मे विशेष अतिथि के तौर पर राणा कल्याण सिंह अध्यक्ष जनपद पंचायत किरनापुर, भुवनभाऊ राहंगडाले उपाध्यक्ष जनपद पंचायत किरनापुर, जनपद पंचायत निर्माण समिति सभापति योगराज भास्कर, विधायक प्रतिनिधि रामकुमार राणा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष माटे भीखूराम मात्रे,भाजपा मण्डल अध्यक्ष किरनापुर श्रीमती मीना नन्हे बहेकार, ग्राम पंचायत हिर्री सरपंच विनीता पाराशर, खुर्शीदा बानो कुरैशी, सरिता जोशी, लेशन तारन,एन आर गर्दे, संतोष शर्मा, शिव तारन, ओ आर मेश्राम, लोमेश तुरकर, राजू भीमटे, महेश बाहे, युवराज पांचे, अनुविभागीय अधिकारी मयाराम कौल, तहसीलदार, बीएमओ डॉ वर्ष चौबे, शासकीय महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सुनीता जैन सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरनापुर के समस्त चिकित्सा अधिकारी एवं कर्मचारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर पूजन अर्चन किया गया। तत्पश्चात् छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की सुमधुर प्रस्तुति दी गई। इस दौरान विधायक राजकुमार कर्राहे ने कहा कि स्वास्थ विभाग के मैदानी अमले की यह जिम्मेदारी होनी चाहिए कि प्रत्येक महिला के स्वास्थ्य की जांच हो। विधायक राजकुमार कर्राहे ने छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरनापुर मे बाउंड्रीवल एवं बैठक व्यवस्था हेतु फर्नीचर उपलब्ध कराने जाने की बात कहीं। इस शिविर के माध्यम से विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा मरीजों की जांच की गई। स्वास्थ्य शिविर मे 46 लोगों द्वारा रक्तदान किया गया। तथा 130 की आंखों की जांच की गई। उसी प्रकार 40 बुखार वाले मरीज,30 खुजली रोग,33 ब्लड ग्रुप,20 शुगर,21 ब्लड प्रेशर,12 हीमोग्लोबिन,15 सरदर्द,10 कमजोरी 15 नाक, कान से जुड़ी बीमारियों से ग्रस्त रोगियों का इलाज़ किया गया।

पत्रकार निखिल डोंगरे रक्तदान करने सभी नव युवकों से सामने आकर रक्तदान करने प्रेरित किया है ,वही आपके रक्तदान करने से किसी व्यक्ति या आपके परिवारों को भी रक्तदान कर जीवन बचा सकता है।

वही कार्यक्रम के प्रारंभ एवं अंत में शासकीय महाविद्यालय किरनापुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र छात्राओं द्वारा लोगों मे जागरूकता का संदेश देने नशा मुक्ति अभियान से संबद्ध नुक्कड़ नाटिका की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान बड़ी संख्या मे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों एवं ग्रामीण नागरिकों की मौजूदगी रही।

# पारंपरिक नृत्य और झांकियों के साथ गोंडवाना संस्कृति का किया प्रदर्शन

**मंडला नभाप्र.** गोंडवाना समग्र विकास क्रांति आंदोलन ब्लॉक शाखा नारायणगंज के तत्वावधान में नेशनल हाईवे-30 पर स्थित ग्राम कुड़ामैली के माधोगढ़ चौराहा में गोंडवाना के अंतिम शासक महाराजा शंकर शाह और उनके वीर पुत्र कुंवर रघुनाथ शाह मरावी का 168वाँ बलिदान दिवस भव्यता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भूमका रीति-रिवाज के अनुसार गोंगो पूजन और गोंडवाना के राजाओं व महापुरुषों के तैलचित्रों पर माल्यार्पण के साथ हुई। इसके बाद मंचीय वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में गोंडवाना की संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित रखने का आह्वान किया। समारोह में रीना, सैला, कर्मा, ददरिया, लहकी और सुवा जैसे पारंपरिक सांस्कृतिक नृत्यों और गीतों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। आकर्षक झाँकियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और पूरे वातावरण को गोंडवाना संस्कृति के रंग में रंग दिया। इस दौरान बताया गया कि महाराजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह ने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में ब्रिटिश विरोधी आंदोलन का नेतृत्व किया था। उन्होंने मंडला और जबलपुर क्षेत्र में आदिवासी जनता को संगठित कर अंग्रेजों का खुलकर विरोध किया।

# नारी शक्ति नि : शुल्क स्वास्थ्य शिविर में जांच जरूर करवाये



**नवभारत, वारासिवनी।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत आज से 2 अक्टूबर 25 तक विशेष स्वास्थ्य शिविर की शुरूवात तहसील सभाग्रह के साथ सिविल अस्पताल मे की गयी। जिसमे पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्तिकेय जायसवाल, जिला भाजपा उपाध्यक्ष किशोर अमूले, पूर्व नपा अध्यक्ष श्रीमती स्मिता जायसवाल, नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे, डा जयश्री अरोरा, जिला भाजपा मंत्री श्रीमती रेखा गोखले आदि अतिथी के साथ स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक व स्वास्थ्य अमला भी उपस्थित भी रहा।

कार्यक्रम मे सबसे पहले धार मप्र से प्रधानमंत्री के संदेश के लाईव प्रसारण को सुना गया। पश्चात सिविल अस्पताल जाकर स्वस्थ नारी सशक्त परिवार महाअभियान की शुरूवात स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से की गयी। साथ ही सिविल अस्पताल के सभी मरीजो को फल वितरण कर उनकी तकलीफो को सुनकर चिकित्सको से चर्चा की गयी।

इस अवसर पर प्रदीप जायसवाल ने प्रतिक्रिया मे कहा की हम सब देखते है की घर मे महिला ठीक रहती है तो सब ठीक रहता है। अगर एक महीला बीमार हो जाती है तो घर की सारी व्यवस्था चरमरा जाती है। एक अपील मे गुडडा भैया ने यह भी कहा की ऐसी बीमारी जिससे खतरा ज्यादा होता है। इन बीमारीयो को शुरूवाती दौर मे ही पकडना जरूरी होता है। इसलिये इस अभियान मे तहत इन बीमारीयो की निशुल्क जांच की जायेगी। अत सभी नारी शक्ति से निवेदन है की क्रपया इस स्वास्थ्य कैंप मे जाकर निशुल्क जांच जरूर करवाये।

अस्पताल के निरिक्षण के दौरान ही पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल का अचानक सामना पूर्व ब्लाक मेडिकल आफिसर डा कमलेश झोडे से हो गया। इसी बीच सिविल अस्पताल के गत माह के वाक्यात को लेकर प्रदीप जायसवाल अचाकन सभी के सामने आक्रोश मे आ गये और उन्होने डा कमलेश झोडे पर सवालो की बरसात सी कर दी। जिसमे अस्पताल की एंबुलेंस के सुधारने जैसे विषय शामिल रहे। आक्रोशित अवस्था मे श्री जायसवाल ने सभी के सामने पूर्व ब्लाक मेडिकल आफिसर से पूछ ही लिया की आखिर आपको कार्य करने से कौन रोक रहा था। पूर्व एसडीएम और समिति के हस्ताक्षर के बाद भी राशी की स्वीक्रति के बाद भी आपने आखिर शासकीय एंबुलेंस को क्यो नही सुधरवाया। आज भी वाहन के खराब होने के कारण महानगरो के लिये रैफर किये गये मरीजो व उनके परिजनो को दिक्कतो का सामना करना पड रहा है। और इसी खामियाजे के कारण आपको पद से हटाया गया है। और अस्पताल की चरमराती व्यवस्था के लिये आप ही जिम्मेदार हो। आखिर मे एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल के हस्तक्षेप के बाद प्रदीप जायसवाल का आक्रोश किसी तरह कम होते देखा गया।

# ड्रीम्स होंडा के लक्की ड्रा में शिवम पंडेल को मिली चमचमाती कार



**बालाघाट।** जिले के वाहन विक्रेता ड्रीम्स होंडा ने 2024-25, फाईनेसिंयल ईयर से अपने ग्राहकों के लिए होंडा पर कार-होंडा पर होंडा स्कीम शुरू की है, जिसे अब ड्रीम्स होंडा, अपनी परंपरा के रूप में आगे भी अनवरत रूप से चलाने की बात संचालक कमलजीतसिंघ छाबड़ा ने कही हैं।

दरअसल, ड्रीम्स होंडा ने गत 19 सितंबर की रात्रि, अपने इस शुरूआत को एक रंगारंग कार्यक्रम के माध्यम से प्रस्तुत किया। एक निजी लॉन में आयोजित संगीतमय और यातायात जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंडा एमपी ईस्ट के जोनल इंचार्ज हिमांशु जैन, विशिष्ट अतिथि एरिया इंचार्ज रोहित लोकरे और समाजसेवी कुलदीपसिंघ छाबड़ा के आतिथ्य में ड्रा के विजेताओ को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर, पूर्व नपाध्यक्ष रमेश रंगलानी और रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट रॉयल अध्यक्ष संदीप असाटी ने ड्रीम्स होंडा के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि जिले में वाहन विक्रय क्षेत्र में ड्रीम्स होंडा ने एक नई पहल शुरू की है, जिसका फायदा, उसके ग्राहकों को मिलेगा। कार्यक्रम का मंच संचालन सीए बलजीतसिंघ छाबड़ा, एंकर शीतल खांडवाल ने किया।

ड्रीम्स होंडा संचालक के संचालक कमलजीतसिंह छाबड़ा ने बताया कि होंडा ने अपने ग्राहकों के लिए होंडा पर कार-होंडा पर होंडा स्कीम शुरू की है, जिसमें फाईनेसिंयल इयर 2024-25 में होंडा वाहन खरीदने वाले तकरीबन 6 हजार से ज्यादा, ग्राहकों के बीच ड्रा निकाला गया। जिसमें बालाघाट निवासी शिवम पंडेल को कार, देवेन्द्र राऊत को होंडा साईन-100, तिरोड़ी के खरपड़िया निवासी चंद्रकांतसिंह ठाकुर को फ्रीज, किरनापुर के केशा माटे निवासी खेमसिंह बिसेन को वाशिंग मशीन और लालबर्रा के कनकी निवासी रोहित तुमसरे को एलईडी टीव्ही, पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई है। ड्रीम्स होंडा ने तय किया है कि हर फाईनेसियल ईयर में नवरात्र से पूर्व, होंडा पर कार-होंडा पर होंडा स्कीम के तहत, होंडा अपने ग्राहकों को पुरस्कार प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में होंडा की नई बाईक सीबी-125 हारनेट और साईन-100 डीएक्स बाईक को लांच किया है। उन्होंने बताया कि हाल में केन्द्र सरकार के वाहनो में कम गई जीएसटी का फायदा भी होंडा, अपने ग्राहकों को दे रही हैं।